प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 16.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ की उच्चस्तरीय समिति ने जांच शुरू की, रेल मंत्रालय ने मृतक के परिजनों और घायलों के लिए मुआवजे का किया ऐलान।

2. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में आदि महोत्सव–2025 का करेंगी उद्घाटन, जनजातीय समुदाय के जीवन और संस्कृति पर आधारित होगा कार्यक्रम।

3. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नयी दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स–2025 में भाग लेंगे।

4. ऊर्जा मंत्रालय ने चंद्रपुरा में 800–800 मेगावाट के दो अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट की स्थापना की मंजूरी दी।

5. पर्यटन विभाग की पहल पर पहली बार झारखंड के जमशेदपुर में स्काई डाइविंग महोत्सव शुरू।

*******************

नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कल रात मची भगदड़ की उच्चस्तरीय समिति ने जांच शुरू कर दी है। भारतीय रेलवे ने इस हादसे में मारे गये 18 यात्रियों के परिजनों को 10 लाख, गंभीर रूप से घायल लोगों को ढाई लाख रूपये और मामूली रूप से घायल लोगों को एक लाख रूपये मुआवजा देने की घोषणा की है। इस घटना में बिहार के आठ लोगों की मौत हुई है। इस हादसे पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुख जताया है।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली के मेजर ध्यानचन्द स्टेडियम में आदि महोत्सव–2025 का उद्घाटन करेंगी। यह महोत्सव जनजातीय समुदायों की उद्यमिता, हस्तशिल्प, संस्कृति और खान–पान तथा वाणिज्यिक जनजीवन को लोगों से परिचित कराता है। जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास ने बताया कि महोत्सव जनजातीय शिल्पकारों और उद्यमियों को अपने उत्पादों और कृतियों को विभिन्न राज्यों के समक्ष प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करता है। इस महोत्सव में छह सौ से अधिक जनजातीय उद्यमी भाग लेंगे।

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नयी दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स–2025 में भाग लेंगे। इसमें 120 से अधिक देशों के नीति निर्माता और वैश्विक सीईओ, प्रदर्शक, अंतरराष्ट्रीय खरीदार भाग लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने जानकारी दी कि भारत टेक्स 2025, एक व्यापक स्तर का वैश्विक कार्यक्रम है और यह 17 फरवरी तक चलेगा।

*******************

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम तट पर महाकुम्भ में आज प्रकृति और पक्षी महोत्सव–2025 का उद्घाटन किया जाएगा। हमारे संवाददाता ने बताया है कि भारतीय स्किमर को महोत्सव के शुभंकर के रूप में चुना गया है, यह आस्था और संरक्षण के संगम का प्रतीक है।

*******************

तमिलनाडु और काशी के बीच सांस्कृतिक और बौद्धिक संबंधों को प्रोत्साहित करने की पहल–काशी तमिल संगमम का तीसरा संस्करण आज वाराणसी में शुरू हुआ। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, सूचना और प्रसारण

राज्यमंत्री एल. मुरूगन और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सांस्कृतिक समारोह का उद्धाटन किया। इस पहल का उद्देश्य तमिलनाडु और काशी के बीच प्राचीन सभ्यता के बंधन को मजबूत करना है।

*******************

ऊर्जा मंत्रालय ने चंद्रपुरा में 800 मेगावाट के दो अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट की स्थापना के लिए मंजूरी प्रदान कर दी है। यह पावर प्लांट डीवीसी और कोल इंडिया लिमिटेड का संयुक्त उद्यम होगा। इस परियोजना में लगभग 16 हजार 425 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इससे डीवीसी की वर्तमान विद्युत उत्पादन क्षमता में वृद्धि होगी। वर्ष 2030 तक, डीवीसी की विद्युत उत्पादन क्षमता 14 से 15 हजार मेगावाट तक पहुंचने की उम्मीद है।

*******************

खूंटी जिला प्रशासन संपूर्ण शिक्षा कवच अभियान चला रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य नौवीं, दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के विद्यार्थियों को बेहतर उच्च शिक्षा से जोड़ना है। जिले के उपायुक्त ने बताया कि बेहतर कोचिंग की बदौलत उन्हें जेईई और नीट की तैयारी करायी जाती है। जो बच्चे जेईई और नीट में बेहतर प्रदर्शन करते हैं उन्हें अच्छे शिक्षण संस्थानों में जिला प्रशासन दाखिला करायेगा।

*******************

झारखण्ड पर्यटन विभाग की पहल पर जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट पर पहली बार स्काई डाइविंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह 16 फरवरी से 23 फरवरी तक चलेगा। राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने इस महोत्सव का उदघाटन किया। पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि झारखण्ड सरकार राज्य में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के प्रयास कर रही है।

*******************

देवघर जिले के खिजुरिया स्थित संत रविदास मंदिर सह आश्रम चार दिवसीय समारोह संपन्न हो गया। मौके पर जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि जिले में कई मठ–मंदिरों का निर्माण और जीर्णोद्धार कराये गये हैं। उन्होंने इस मंदिर का विकास और सौंदर्यीकरण विधायक फंड से कराने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि विधायक सुरेश पासवान ने इसके विकास के लिए अपने सुझाव दिये।

*******************

जामताड़ा के ऐतिहासिक गांधी मैदान में कॉल महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इस दौरान कॉल जाति को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग को लेकर झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, त्रिपुरा, केरल सहित अन्य प्रदेशों से कोल समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन भी किया।

*******************

लोहरदगा जिला में बढ़ते साइबर क्राइम को लेकर लोगों को जागरूक करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी कडी मे सुरक्षित इंटरनेट पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

*******************

लातेहार जिले की बालूमाथ पुलिस ने बड़ी घटना को अंजाम देने पहुंचे 5 अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विनोद रवानी ने बताया कि सूचना मिली थी कि शोषण मुक्त संगठन बनाकर चंदवा, बालूमाथ के ईंट भट्ठा व्यवसायियों और कंस्ट्रक्शन के काम में जुटी साईं कृपा कंस्ट्रक्शन समेत कई ठेकेदारों को लेवी के लिए धमकाया जा रहा था। इनके पास से नौ मोबाइल फोन, एक देसी कट्टा, एक कारतूस बरामद हुआ है।

*******************